हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

ग्यारहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 20 मार्च, 2026/29, फाल्गुन, 1947 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 5

सड़कों की डी0पी0आर0

1582 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 31 दिसम्बर, 2025 तक विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत दी गई सड़कों में से किन-किन की डी0पी0आर0 तैयार की गई तथा कितनी सड़कों की डी0पी0आर्ज0 बननी शेष हैं; शेष सड़कों की डी0पी0आर0 बनने में विलम्ब के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

सड़क मरम्मत

1583 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कौन-कौन सी सड़कें वर्षा से क्षतिग्रस्त हुईं तथा इनकी मरम्मत के लिए विभाग द्वारा क्या पग उठाए गए; इनकी मरम्मत का कार्य

कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

लो-वोल्टेज

1584 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल** (**बड़सर**)**:**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बड़सर विद्युत मण्डल, उप-मण्डल भोटा तथा बिझड़ी के अधीन गांवों में लो-वोल्टेज की समस्या से निपटने हेतु विभाग द्वारा क्या पग उठाए गए हैं एवं इसका समाधान कब तक कर दिया जाएगा; और

(ख) बड़सर विद्युत मण्डल तथा उप-मण्डल भोटा एवं बिझड़ी में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं व सरकार इनको कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा पदवार दें?

सड़क निर्माण

1585 **श्री सुरेन्द्र शौरी** (**बंजार**) :

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत निर्मित सड़कों के लिए म्यूटेशन एवं गिरदावरी दर्ज करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी सड़कों के निर्माण व उन्नयन कार्यों को एफ0आर0ए0/एफ0सी0ए0 अथवा अन्य सक्षम प्राधिकरणों से स्वीकृति प्रदान की गई है; सड़कों के नाम, लंबाई एवं लागत का ब्यौरा दें; कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कितने प्रगति पर हैं तथा कितने लंबित हैं; विलंब के क्या कारण हैं तथा ये कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे; ब्यौरा दें;

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के अधीन सड़कों की कितनी लंबाई है; पक्की एवं कच्ची सड़कों की लंबाई का ब्यौरा दें; और

(घ) इस अवधि में कितनी सड़कों के उन्नयन/टारिंग हेतु धनराशि स्वीकृत की गई; सड़कवार स्वीकृत धनराशि, व्यय की गई धनराशि तथा कार्य की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

पंचायत सचिव

1586 **श्री सुरेन्द्र शौरी** (बंजार)ः

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की पंचायतों में स्वीकृत बनाम कार्यरत सचिवों की संख्या कितनी है; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है;

(ख) कुल्लू जिला के अंतर्गत पंचायत भवन विहीन पंचायतें कौन-कौन सी हैं व इनकी संख्या कितनी है; गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक सरकार द्वारा कुल्लू जिला में किन-किन पंचायतों को पंचायत भवन या अन्य अधोसंरचना बनाने हेतु कितनी-कितनी धनराशि जारी की गई; और

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत (विकास खण्ड भुन्तर व बंजार) विभिन्न मदों (VKVNY, MPLAD, SDP, BASP, VMJS, LADA इत्यादि सहित) से लम्बित विकास कार्यों की सूची पंचायतवार दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

13 मार्च, 2026 . **सचिव**